# ग्लोबल से पहले लखनऊ इन्वेस्टर्स समिट

## जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट 10 को पचास हजार करोड़ निवेश का लक्ष्य

जागरण संवाददाता, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले राजधानी में लखनऊ इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होगा। दस जनवरी को होने जा रही समिट में करीब पचास हजार करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। समिट में निवेशकों को प्रशासन की ओर से तमाम सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिनसे इंडस्ट्री लगाने में आसानी होगी।

दस से 12 फरवरी के बीच उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हो रहा है। इसी तर्ज पर जिला प्रशासन जनपद स्तर पर उद्योग लगाने के इच्छुक लोगों को एक मंच प्रदान कर रहा है ताकि आसानी से एक छत के नीचे सारी औपचारिकताएं पूरी कर सकें। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शुक्रवार को लखनऊ में इंडस्ट्री से जुड़े कई संगठनों और उद्यमियों के साथ बैठक कर इसका ब्लू प्रिंट पेश किया। समिट के माध्यम से जो एमओयू हस्ताक्षरित किए जाएंगे उनसे संबंधित सभी प्रकार की अनापत्तियां व सहमतियां प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करायी जाएंगी। डीएम ने बताया कि आप लोग घरेलू निवेशकों को प्रोत्साहित करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा सके।

दस जनवरी को करीब पचास हजार करोड़ निवेश का लक्ष्य है, जिसको सभी की भागीदारी और प्रयासों से हासिल किया जाएगा।

बैठक में आइआइए लखनऊ चैप्टर के चेयरमैन मोहित सूरी ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य लखनऊ में निवेश को प्रोत्साहित करना है और इसमें विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न सत्रों के दौरान जनपद में उपलब्ध निवेश अवसरों के संबंध में प्रिजेंटेशन प्रेजेंटेशन के जरिए जानकारी दी जाएगी। इस सम्मेलन में अन्य औद्योगिक संगठनों द्वारा भी सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जो भी इच्छुक निवेशक इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से शासन को कोई निवेश प्रस्ताव भेजना चाहते हैं, वह नौ जनवरी तक अपना प्रस्ताव जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र व आइआइए को उपलब्ध करा सकते हैं।

# कोर कमेटी के साथ लविप्रा उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

### जी-20 सम्मेलन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गठित कोर कमेटी ने शुक्रवार को लविप्रा उपाध्यक्ष डा. इंद्रमणि त्रिपाठी के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान सुदंरीकरण को लेकर कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

कोर कमेटी की अध्यक्ष एकेटीयू के फैकल्टी आफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट की डीन डा. वंदना सहगल, एमिटी विश्विद्यालय के प्रोफेसर जगबीर सिंह, आर्किटेक्ट आशीष मित्तल व रजनीश अग्रवाल दो दिनों में अपनी रिपोर्ट देंगे। लविप्रा उपाध्यक्ष ने शहीद पथ से सेंट्रम होटल को जाने वाले मार्ग के सभी चौराहों को व्यवस्थित कराते हुए लाइटों को ठीक कराने के निर्देश दिए। डिवाइडर की नए सिरे से पेंटिंग कराने, आकर्षक फूलदार गमले लगाने, क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने, हरित पट्टी की रेलिंग को पेंट कराने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन बिल्डिंगों को ग्रीन नेट से ढकते हुए साफ-सफाई कराने, पानी की टंकी व निर्मित बिल्डिंगों पर फ्लैक्स, बैनर व पेंटिंग से जी-20 सम्मेलन की ब्रांडिंग कराने के भी आदेश दिए।



कोर कमेटी के साथ निरीक्षण करते लविप्रा उपाध्यक्ष डा. इंद्रमणि त्रिपाठी • सौ : लविप्रा